# कोरोना के जड़ से खात्में को सैनिटाईजेशन जारी

शेखर टाइम्स संवाददाता

**शाहजहांपुर।** कोविड–19 महामारी के संक्रमण को रोकने के लिये नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा के निर्देश के क्रम में बढ़ते संक्रमण को कम किये जाने के उददेश्य से नगर निगम द्वारा नगर में नियमित रुप से सेनेटइजेशन का कार्य किया जा रहा । जिसके अन्तर्गत नगर निगम के60 वार्डों के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र एवं मलिन बस्तियों में सफाई एवं सेनेटाइजेशन का अभियान संचालित गया।

नगर आयुक्त के निर्देश पर नगर में बने धार्मिक स्थलों, मुख्य बाजारों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं सार्वजनिक स्थलों आदि पर सेनेटइजेंशन का कार्य किया गया। लगभग 8665 स्थलों एवं 600 व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, 5 मुख्य बाजारो बहादुरगंज, सदर बाजार, जलालनगर बजरिया, गोविन्दगजं एवं रैजा अडडा आदि केसाथ ही पेट्रोल पम्प, हास्पिटल, स्कूल, कालेज, रेलवे स्टेशन, रोडवेज, रैन बसेरा (हनमुतधाम, अजीजगंज, टाउन हाल) एवं आबादी वाले क्षेत्रों में सघन सेनेटइजेशन कार्य कराया गया। नगर क्षेत्र के जिला चिकित्सालय, रेलवे स्वास्थ्य केन्द्र रोजा, पूराना जिला अस्पताल, ओ.सी.एफ अस्पताल (कैन्ट) एवं नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र– सराय काईयां, पुलिस लाइन,

लोधीपुर, कटिया टोला, ककरा खुर्द, ककरा कलां, जली कोठी, हुसैनपुरा, अजीजगंज, एमनजई जलालनगर, तारीन जलालनगर में अभियान के तहत साफ-सफाई एवं सेनेटइजेशन का कार्य कराया गया। बरसात से पूर्व नगर के विभिन्न क्षेत्रों में नालों की सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर प्रतिदिन कराया जा रहा है।